03-01-2020

शपथ ली, नहीं करेंगे पॉलीथिन का प्रयोग

कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में गुरुवार को नए वर्ष पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही समारोह में निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन ने सभी को नए साल की बधाई देने के साथ पॉलीथिन का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभी को कपड़े का थैला भी दिया गया।

सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें

माई सिटी रिपोर्टर

एनएसआई में कपड़े के थैले के इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया गया।

कानपुर। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट (एनएसआई) में आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया गया। इंस्टीट्यूट में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक प्रोफेसर नरेंद्र मोहन ने बताया कि प्लास्टिक के अधिक इस्तेमाल से प्रदूषण बढ़ गया है। इसके दुष्परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। अगर यही हालत रही तो स्थिति और घातक हो जाएगी। पर्यावरण की रक्षा करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सबको एकजुट होकर प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। इस मौके पर कपड़े के थैले का वितरण किया गया।

प्रोफेसर मोहन ने कहा कि लोग सब्जी आदि खरीदने के लिए घर से कपड़े के थैले लेकर जाएं। खुद इस्तेमाल करें और दूसरों को कपड़े के थैले इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें। यह संकल्प लें कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर इससे होने वाले नुकसान के संबंध में 10 लोगों को बताएंगे। कपड़े और जूट के थैलों का इस्तेमाल अपनी आदत में डाल लें। इस मौके पर आचार्य शर्करा शिल्प अशोक कुमार गर्ग तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

शर्करा संस्थान निदेशक ने दिलाई सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने शपथ

एनएसआई निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने दिलाई सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ।

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में गुरुवार को आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह के मौके पर निदेशक प्रो.नरेन्द्र मोहन ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का शपथ दिलाते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग को दुष्परिणाम अब देखने को मिल रहा है। यदि यह इसी प्रकार चलता रहा तो आने वाले समय में स्थितियां और घातक हो सकती हैं। इस अवसर पर उन्होंने कपड़े के थैले भी वितरित किये व लोगों से सब्जी आदि लाने के कार्यो में इन थैलों का प्रयोग करने को कहा तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपेक्षा की।

कपड़े के थैले वितरित कर किया जागरूक